आई टी एल पब्लिक स्कूल


पूर्व सामयिक परीक्षा 1 उत्तर कुंजी (2026-27)

विषय- हिंदी

दिनांक ः                                                                 कक्षाः तृतीय

नाम ः ………………                                                  रोल नः ……

| | |
|---|---|
| | भाग क - पठन कौशल |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br><br>पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत ज़रूरी हैं। पेड़ों से हमें ताज़ी हवा, फल, फूल और छाया मिलती है। कुछ पेड़ जैसे आम, नीम और पीपल बहुत उपयोगी होते हैं। पेड़ पक्षियों का घर भी होते हैं। पेड़ों की वजह से बरसात होती है। गर्मी के दिनों में लोग पेड़ की छाँव में आराम करते हैं। हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए, बल्कि ज़्यादा से ज़्यादा पेड़ लगाने चाहिए।पेड़ों से कई जानवरों को भोजन और रहने का स्थान मिलता है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। यदि हम पेड़ों की रक्षा करेंगे, तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। |
| | (क) हमें ताज़ी हवा किससे मिलती है?<br>(अ) पहाड़ों से (ब) पेड़ों से (स) नदियों से (द) घरों से |
| | (ख) इनमें से कौन सा पेड़ गद्यांश में बताया गया है?<br>(अ) नारियल (ब) आम (स) केला (द) अंगूर |
| | (ग) पेड़ों से हमें क्या-क्या मिलता है?<br>पेड़ों से हमें ताज़ी हवा, फल, फूल और छाया मिलती है। |
| | (घ) पेड़ किनका घर होते हैं?<br>पेड़ पक्षियों का घर भी होते हैं। |
| | भाग ख - भाषा कौशल |

| | |
|---|---|
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित चित्रों को देखकर 2-2 पर्यायवाची लिखिए।<br>(क)  चाँद शशि<br>(ख)  फूल सुमन |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द भरें ।<br>(क) माँ काम कर रही हैं।<br>(ख) मेरी कक्षा में तीस छात्र हैं।<br>(ग) खेत में किसान खड़ा है।<br>(घ) मुझे आम बहुत पसंद हैं । |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द पर गोला लगाइए ।<br>(क) शिक्षक बच्चों को कहानी सुना रहे हैं।<br>(ख) पुस्तक मेज पर रखी है।<br>(ग) राधा बगीचे में फूल तोड़ रही है।<br>(घ) बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। |

| | भाग ग - साहित्य कौशल |
|---|---|
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। |
| | (क) शब्द अर्थ लिखिए ।<br><br>अवश्य ज़रूर<br>पृथ्वी धरती |
| | (ख) हमें हमेशा विनम्र रहने का संदेश कौन देता है?<br><br>उत्तर पेड़ों की झुकी डालियाँ हमें सदैव झुके रहने अर्थात विनम्र रहने का संदेश देती हैं। |
| | (ग) सौरभ के चाचाजी ने किस मौसम में आम भेजे?<br><br>उत्तर सौरभ के चाचाजी ने गरमी के मौसम में आम भेजे। |
| | (घ) पेड़ों से क्या -क्या लाभ हैं?<br>उत्तर पेड़ों से हमें शुद्ध हवा अर्थात् ऑक्सीज़न मिलती है। पेड़ों से फल ,फूल ,सब्ज़ियाँ दवाइयाँ व लकड़ी भी मिलती है। पेड़ हमारे वातावरण को हरा- भरा बनाते हैं। पेड़ हमें छाया देकर सूरज की गर्मी से भी बचाते हैं। |
| | भाग घ - लेखन कौशल |
| प्रश्न 6 | दिए गए चित्र को देखकर **8-10** वाक्यों में अनुच्छेद रुप में वर्णन कीजिए।<br><br>छात्रगण अपनी रचनात्मकता के आधार पर स्वयं लिखेंगे। |